# 31

# कथन : कार्यवाही

## (Statement : Courses of Action)

इस Section में एक कथन (statement) दिया होता है तथा इसके बाद दो या तीन कार्यवाहियाँ दी गई होती हैं। कार्यवाहियाँ से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासनिक निर्णय से है जो समस्या, नीति आदि के संदर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाहियों से संबंधित होता है। कथन में दी गयी जानकारी के आधार पर आपको कथन में दिये गये प्रत्येक तथ्य को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिये गये सुझाव में से कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है। सबसे पहले हम प्रश्नों के प्रारूप को समझने का प्रयास करेंगे।

### साधित उदाहरण

**TYPE–I**

**निर्देश :** *नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा दो कार्यवाहियाँ दी गयी हैं। आपको कथन में दी गयी प्रत्येक तथ्य को सत्य मानना है और उसके बाद तय करना है कि कौन-सी कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती हैं।*

**उत्तर (1) :** दीजिये, यदि केवल कार्यवाही I अनुसरण करता है।

**उत्तर (2) :** दीजिये, यदि केवल कार्यवाही II अनुसरण करता है।

**उत्तर (3) :** दीजिये, यदि या तो कार्यवाही I नहीं तो कार्यवाही II अनुसरण करता है।

**उत्तर (4) :** दीजिये, यदि न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करते हैं।

**उत्तर (5) :** दीजिये, यदि दोनों I और II अनुसरण करते हैं।

**1. कथन :** राष्ट्रमंडल खेल के लेखा प्रशाखा में बहुत बड़ी गड़बड़ी का पता लगाया गया है।

**कार्यवाहियाँ**

I : लेखा की जाँच के लिए योग्य ऑडिटरों के दलों की नियुक्ति की जानी चाहिए।

II : अनियमितता में शामिल सभी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करनी चाहिए।

**उत्तर (5) :** यहाँ कथन में राष्ट्रमंडल खेल के लेखा प्रशाखा में गड़बड़ी के बारे में चर्चा की गयी है। कार्यवाही I में लेखा जाँच के लिए ऑडिटरों के दलों को नियुक्त करने को कहा गया है। अतः कार्यवाही I कथन को अनुसरण कर रहा है। अतः कार्यवाही I सही है। हम जानते हैं कि कोई भी अनियमितता संस्थान में शामिल अधिकारियों की मिली भगत से होता है। इसलिए सभी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करनी चाहिए। अतः कार्यवाही II भी कथन को अनुसरण कर रहा है।

**2. कथन :** शहर के पानी की आपूर्ति करने वाले झील का स्तर काफी नीचे पहुँच चुका है।

**कार्यवाहियाँ**

I : पानी आपूर्ति विभाग को पानी की आपूर्ति में आंशिक कमी करनी चाहिए।

II : सरकार को पानी की खपत को कम करने के लिए लोगों से अपील करनी चाहिए। *[SBI PO 2003]*

**उत्तर (5) :** इस समस्या का समाधान पानी की आंशिक कमी को कर और लोगों से पानी की खपत कम करने की अपील से किया जा सकता है।

**3. कथन :** भारत को अपने पड़ोसी देशों के द्वारा आतंकवादी गतिविधियों की धमकी का लगातार सामना करना पड़ रहा है।

**कार्यवाहियाँ**

I : इस प्रकार की धमकी को रोकने के लिए भारत को युद्ध करना चाहिए।

II : भारत को अपने पड़ोसियों से सीमा पर के तनाव को कम करने के लिए गहन वार्तालाप करनी चाहिए। *[SBI PO 2003]*

**उत्तर (2) :** भारत को सीमा पर तनाव कम करने के लिए अपने पड़ोसी देशों से बातचीत द्वारा समस्या का समाधान करना चाहिए क्योंकि लड़ाई किसी समस्या का समाधान नहीं है अतः कार्यवाही II कथन का अनुसरण कर रहा है।

**4. कथन :** हाल ही में गाड़ियों का आवागमन इतना ज्यादा बढ़ गया है कि शीर्षकाल में शहर से हवाई अड्डे तक जाने में कम-से-कम दो घंटे लगते हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I : जो वाहन हवाई अड्डे नहीं जा रहे उन्हें शहर के हवाई अड्डे से जोड़ने वाली सड़क पर चलने की अनुमति नहीं होनी चाहिए।

II : शीर्षकाल में वाहन आवागमन के बोझ को विविध लिंक मार्गों के माध्यम से मोड़ देना चाहिए।

**उत्तर (2) :** कथनानुसार गाड़ियों का आवागमन बढ़ जाने के कारण शीर्षकाल में शहर से हवाई अड्डे तक जाने में कम-से-कम दो घंटे का समय लगता है। इसके लिए शीर्षकाल में वाहन आवागमन के बोझ कम करने के लिए विविध लिंक मार्गों से जोड़ना चाहिए। अतः कार्यवाहियाँ II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

**TYPE–II**

**1. कथन :** कुछ मच्छरों के वंश 'क्लोरोक्वीन' जो कि मलेरिया रोगियों पर इस्तेमाल होनेवाली व्यापक औषधि है, के प्रति प्रतिरोधी हो गये हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I : क्लोरोक्वीन की बिक्री बंद कर देनी चाहिए।

II : अनुसंधानकर्त्ताओं को ऐसे मच्छरों से प्रभावित रोगियों के लिए नयी औषधि का विकास करना चाहिए।

III : मलेरिया से पीड़ित सभी रोगियों की, इस आकस्मिक मच्छर की पहचान हेतु जाँच करनी चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(2) सभी अनुसरण कर रहे हैं।
(3) कोई अनुसरण नहीं कर रहा है।
(4) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(5) केवल B अनुसरण कर रहा है।

**उत्तर (5) :** कथनानुसार मच्छरों के कुछ वंश 'क्लोरोक्वीन' के प्रतिरोधी हो गये हैं। इसका अर्थ हुआ कि 'क्लोरोक्वीन' अभी भी कुछ मच्छरों के वंश के प्रति लाभकारी है। अगर इसकी बिक्री बंद कर दिया

जाये तो समस्या और गंभीर हो सकती है जबकि नयी औषधी का विकास करना तथा मलेरिया पीड़ित रोगियों की इस आकस्मिक मच्छर की पहचान हेतु जाँच करना कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

2. **कथन :** मालिक और कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग के बिना मिल अधिक समय तक लाभ देनेवाली नहीं बनी रह सकती है।

**कार्यवाहियाँ**

I : मिल बंद कर देना चाहिए।

II : कर्मचारियों से कहना चाहिए कि वे मालिकों के साथ सहयोग करें।

III : मालिक से कहना चाहिए कि वे कर्मचारियों के साथ सहयोग करें।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(2) सभी अनुसरण कर रहा है।
(3) कोई अनुसरण नहीं कर रहा है।
(4) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(5) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।

**उत्तर (5) :** कथनानुसार किसी भी कंपनी को चलाने के लिए कंपनी के मालिक और कर्मचारियों के बीच आपसी सामन्जस्य का होना बहुत ही जरूरी है। अतः कार्यवाहियाँ B तथा C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

## अभ्यास–1

## TYPE–I.

**निर्देश :** *नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक कथन तथा दो कार्यवाहियाँ दी गयी हैं। आपको कथन में दी गयी प्रत्येक तथ्य को सत्य मानना है और फिर यह निश्चित करना है कि दी गयी कार्यवाहियों में से कौन-सा कथन के अनुरूप अनुसरण करता है।*

**उत्तर (1) :** दीजिये, यदि केवल कार्यवाही I अनुसरण करता है।

**उत्तर (2) :** दीजिये, यदि केवल कार्यवाही II अनुसरण करता है।

**उत्तर (3) :** दीजिये, यदि या तो कार्यवाही I नहीं तो कार्यवाही II अनुसरण करता है।

**उत्तर (4) :** दीजिये, यदि न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करते हैं।

**उत्तर (5) :** दीजिये, यदि दोनों I और II अनुसरण करते हैं।

1. **कथन :** शहर में तीन अपराधी को बहुत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारुद के साथ गिरफ्तार किया गया।

**कार्यवाहियाँ**

I : प्रशासन को रात में गस्ती के लिए निर्देशित किया जाए।

II : तीनों अपराधी को मुक्त कर देना चाहिए ताकि उनके द्वारा उनके साथ कार्य करने वाले अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सके। *[SBI PO 2002]*

2. **कथन :** यह कहा जाता है कि ताजे फल और ताजी सब्जी में मौजूद विटामिन E मनुष्यों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। विटामिन E की कैप्सुल का मानव के शरीर पर समान प्रभाव नहीं पड़ता है।

**कार्यवाहियाँ**

I : विटामिन E के कैप्सुल की बिक्री पर रोक लगा देनी चाहिए।

II : विटामिन E की आवश्यकता को पूरी करने के लिए लोगों को ताजे फल तथा ताजी सब्जियाँ खाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। *[SBI PO 2000]*

3. **कथन :** पिछली रात दो स्थानीय युवा क्लबों के बीच हुए झगड़े के बाद अगले दिन के दौरान पत्थरबाजी और वाहनों को नुकसान पहुँचाने की छिटपुट घटनाएँ हुई हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I : स्थानीय पुलिस प्रशासन को उन सबको गिरफ्तार कर लेना चाहिए जो ऐसे काम करते पाए गए हैं।

II : स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को इलाके के दोनों क्लबों के पदाधिकारियों की एक बैठक बुलानी चाहिए। *[Corporation Bank PO 2010]*

4. **कथन :** एक भारी ट्रक मुख्य सड़क के बीचोंबीच उलट गया और अधिकांश सड़क को रोक दिया जिससे भारी ट्रैफिक जाम लग गया।

**कार्यवाहियाँ**

I : ट्रैफिक को दूसरी सड़कों की तरफ से भेजने के लिए ट्रैफिक विभाग को तत्काल अपने कार्मिक तैनात करने चाहिए।

II : ट्रक को हटाने और सड़क को साफ करने के लिए ट्रैफिक विभाग को तत्काल लोग और उपकरण भेजने चाहिए। *[Corporation Bank PO 2010]*

5. **कथन :** हीरे के गहने बनाने वाली कंपनी के कुछ कामगार परिसर से जाते समय पकड़े गए क्योंकि वे अपने पर्सों में हीरों के छोटे-छोटे टुकड़ों की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे।

**कार्यवाहियाँ**

I : जब तक त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था सही न बन जाये, तब तक कंपनी के प्रबंधन को परिसर में सभी गतिविधियों को रोक देना चाहिए।

II : कंपनी का परिसर छोड़ने से पहले कामगारों के सामान की पूर्णरूपेण जाँच होनी चाहिए। *[Corporation Bank PO 2010]*

6. **कथन :** ज्वार की बड़ी लहर मछली पकड़ने की कई नावों और तट के साथ रहने वाले मछुआरों की झोपड़ियों को बहा ले गयी।

**कार्यवाहियाँ**

I : आगे से मछुआरों को तट के पास अपनी झोपड़ियाँ बनाने से बचना चाहिए।

II : स्थानीय प्रशासन को नुकसान की सीमा का निर्धारण करके और निवारण उपाय सुझाने के लिए अधिकारियों का दल भेजना चाहिए। *[Corporation Bank PO 2010]*

7. **कथन :** विवाह समारोह में बड़ी संख्या में भाग लेने आये आमंत्रित विषाक्त भोजन के कारण बीमार पड़े और इलाके में स्थित कई अस्पतालों में ले जाये गये।

**कार्यवाहियाँ**

I : सरकार को अगली सूचना तक ऐसे कार्यक्रमों पर रोक लगा देनी चाहिए।

II : सरकार को स्थानीय अस्पतालों को सलाह देनी चाहिए कि बीमारों को सबसे अच्छी सेवाएँ दी जायँ। *[Corporation Bank PO 2010]*

8. **कथन :** सेलफोन प्रयोक्ताओं ने पाया कि टैरिफ प्लान उतने आकर्षक जितने टेलिकॉम कंपनियों ने प्रमोट किये थे और उन्होंने इस बारे में विनियामक अधिकारियों को शिकायत की है।

**कार्यवाहियाँ**

I : विनियामक अधिकारियों द्वारा टेलिकॉम कंपनियों को सभी प्लानों के टैरिफ ढाँचों में पारदर्शी बने रहने के निर्देश देने चाहिए।

II : सरकार को देश में परिचालनरत कंपनियों की संख्या को सीमित करना चाहिए। *[IDBI AM 2010]*

9. **कथन :** राज्य विधानसभा के चुनाव से पहले अक्टूबर में राज्य में भारी बर्षा हुई, जिससे राज्य के अधिकांश भागों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ।

**कार्यवाहियाँ**

I : उम्मीदवारों को प्रचार का अवसर देने के लिए चुनाव स्थगित किये जाने चाहिए।

II : सरकार को प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। *[IDBI AM 2010]*

10. **कथन** :भारतीय विश्वविद्यालयों से बढ़ती संख्या में निकलने वाले ग्रेजुएट रोजगार योग्य नहीं हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I : पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु तय करने के लिए उच्च शिक्षा के कॉलेजों और संस्थानों को अधिक स्वायत्तता दी जानी चाहिए।

II : विश्वस्तरीय विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में परिसर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। *[IDBI AM 2010]*

11. **कथन** :स्थानीय स्कूलों के कई स्कूली बच्चे स्कूल अधिकारियों द्वारा दिये गये सब्सिडाइज्ड टिफिन खाकर बीमार पड़ गए हैं।

**कार्यवाहियाँ**

I : सभी स्कूलों की टिफिन सुविधा को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया जाना चाहिए।

II : स्कूल द्वारा दिये जाने वाले टिफिन की गुणवत्ता को प्रमाणित करने के लिए सरकार को एक प्रणाली क्रियान्वित करनी चाहिए। *[IDBI AM 2010]*

12. **कथन** :पिछले कुछ वर्षों से भारत में डॉल्फिन की संख्या तेजी से कम हो रही है।

**कार्यवाहियाँ**

I : डॉल्फिन को लुप्तप्राय प्रजाति घोषित किया जाना चाहिए और इनका प्रजनन मछली घरों और सुरक्षित जगहों में करना चाहिए।

II : डॉल्फिनों की सुरक्षा के लिए स्थानीय लोगों की सूची बनायी जानी चाहिए। *[IDBI AM 2010]*

13. **कथन** :ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय बैंक कर्मचारियों के अक्खड़ तौर-तरीके के खिलाफ कई ग्राहकों ने बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से शिकायत की।

**कार्यवाहियाँ**

I : बैंक प्रबंधक को सभी कर्मचारियों को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए और दूसरे कर्मचारियों को तैनात करना चाहिए।

II : आवश्यक कदम उठाने के लिए बैंक प्रबंधक को शाखा के प्रबंधक से रिपोर्ट माँगनी चाहिए। *[Bank of India PO 2010]*

14. **कथन** :सुबह अज्ञात बदमाशों ने जॉगर्स पार्क में रोजाना की सैर करते समय दो व्यक्तियों को मार दिया।

**कार्यवाहियाँ**

I : भविष्य में इस तरह के आपराधिक कृत्यों को रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों को जॉगर्स पार्क के पास पुलिस तैनात करने चाहिए।

II : इस तरह के हमलों से बचने के लिए इलाकों के नागरिकों को सुबह की सैर के लिए समूहों में जाना चाहिए। *[Bank of India PO 2010]*

15. **कथन** :पिछले कुछ महिनों के दौरान स्कूल बसों के खराब रख-रखाव के कारण हुई कुछ दुर्घटनाओं में कई स्कूली बच्चे मारे गए।

**कार्यवाहियाँ**

I : इस तरह की दुर्घटनाओं से बचाव के लिए स्कूल बसों की हालत का निरीक्षण करने के लिए सरकार को एक विशेषज्ञ समूह का गठन करना चाहिए।

II : जब तक इन बसों की उचित ढंग से जाँच नहीं हो जाती, सरकार को सभी स्कूली बसों के लाइसेंस निलंबित कर देने चाहिए। *[Bank of India PO 2010]*

16. **कथन** :बैंक द्वारा शाखा बैंकिंग परिचालनों पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद हाल में भर्ती हुए अधिकारियों की बड़ी संख्या ने बैंक छोड़ दिया।

**कार्यवाहियाँ**

I : किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भेजने से पहले नये भर्ती हुए प्रत्येक अधिकारी से बैंक को कम से कम दो वर्ष का बॉण्ड लेना चाहिए।

II : बैंक में नए भर्ती हुए अधिकारियों के कम-से-कम एक वर्ष बाद बैंक को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए। *[Bank of India PO 2010]*

17. **कथन** :एक बड़ा तेल टैंकर राज्य की राजधानी को जाने वाले हाईवे पर उलट गया और हाईवे के अधिकांश हिस्से पर वाहनों के यातायात को रोक दिया।

**कार्यवाहियाँ**

I : इस मामले पर ध्यान देने के लिए सरकार को तत्काल उच्च स्तरीय जाँच समिति गठित करनी चाहिए।

II : तेल टैंकर के चालक को तत्काल गिरफ्तार कर लेना चाहिए। *[Bank of India PO 2010]*

18. **कथन** :दस दिन तक चलने वाले उत्सव के पहले दिन पवित्र स्थल तक जाने के लिए प्राइवेट फेरी में चढ़ते समय मची भगदड़ के कारण कई तीर्थयात्री मारे गए।

**कार्यवाहियाँ**

I : सरकार को सभी प्राइवेट ऑपरेटरों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर देने चाहिए।

II : यात्रियों की पवित्र स्थल की यात्रा के लिए मार्गदर्शन हेतु सरकार को पर्याप्त संख्या में कार्मिक तैनात करने चाहिए। *[Allahabad Bank PO 2010]*

19. **कथन** :स्थानीय कॉलेज के कुछ छात्र वैध टिकट खरीदे बिना ट्रेन में यात्रा करते हुए पकड़े गए।

**कार्यवाहियाँ**

I : इन छात्रों के माता-पिता को घटना की सूचना देनी चाहिए और उन्हें अपने बच्चों के समझाने का अनुरोध करना चाहिए।

II : बिना वास्तविक प्रमाण-पत्र के यात्रा करने के लिए इन छात्रों को सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए। *[Allahabad Bank PO 2010]*

20. **कथन** :इलाके में एक युटिलिटी कंपनी के कामगार केबल डाल रहे थे कि पेय जल की आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइप फट गई और इलाके के बड़े हिस्से में बाढ़ आ गयी।

**कार्यवाहियाँ**

I : सिविक पदाधिकारियों को तत्काल इस क्षति की मरम्मत का इंतजाम करना चाहिए और पानी का नुकसान रोकना चाहिए।

II : सिविक पदाधिकारियों को युटिलिटी कंपनी द्वारा किये गये इस नुकसान का स्पष्टीकरण और मुआवजा माँगना चाहिए। *[Allahabad Bank PO 2010]*

21. **कथन** :उम्मीद है कि अगले पखवाड़े के दौरान पवित्र स्थल पर लाखों यात्री गंगा में डुबकी लगाएँगे।

**कार्यवाहियाँ**

I : पखवाड़े के दौरान हर दिन कितने यात्री डुबकी लगाएँ, सरकार को इस बारे में संख्या निश्चित कर देनी चाहिए।

II : सरकार को अगले पखवाड़े के दौरान पवित्र स्थल में कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मचारी तैनात कर देने चाहिए। *[Allahabad Bank PO 2010]*

**22. कथन** : मुद्रास्फीति की दर पिछले बीस वर्षों में सबसे ऊँचे स्तर पर पहुँच गई है और आने वाले महीनों में इसके कम होने के कोई संकेत नहीं हैं।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : सरकार को आवश्यक वस्तुओं पर सरकारी कर कम करने जैसे कदम तत्काल उठाने चाहिए।

**II** : सरकार को किसानों को अपनी उपज को कम कीमत पर बेचने के लिए कहना चाहिए। *[Allahabad Bank PO 2010]*

**23. कथन** : पिछली कार्य पंजिका पूर्ण करने के लिए पिछले दशक से एयर वोल्यूम एक्सपोर्ट बढ़ने से एयर कार्गो एजेन्टों की परेशानी बढ़ गयी है, क्योंकि ऐसा होने से स्थान एवं कार्य की माँग काफी बढ़ गयी है।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : एयर लाइन एवं एयर कार्गो एजेन्ट को मिलकर इस समस्या को सुलझाना चाहिए।

**II** : एयर वोल्यूम एक्सपोर्ट के बढ़ने का कारण ज्ञात करना चाहिए। *[Hotel Management 2010]*

**24. कथन** : सन् 1990 में थाईलैंड में 'सर्व शिक्षा' पर विश्व सम्मेलन हुआ। अधिकतर सम्मिलित लोगों ने इस सम्मेलन में समस्त बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : भारत को, सम्मेलन में की गई बातों पर ध्यान रखकर उचित कार्य करने चाहिए।

**II** : भारत को तुरंत इस प्रकार के सम्मेलन को संगठित करना चाहिए। *[Hotel Management 2010]*

**25. कथन** : लगभग 30% से 40% तक बच्चे जो स्कूल में भर्ती थे, किसी एक दिन उपस्थित नहीं हुए।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : अधिक स्कूल खोले जाने चाहिए।

**II** : उनकी अनुपस्थिति का कारण ज्ञात करना चाहिए। *[Hotel Management 2010]*

**26. कथन** : यद्यपि भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी कृषि पर अत्यधिक आधारित है। समस्त कृषि व्यापार में इसका हिस्सा कुल निर्यात में कृषि निर्यात का हिस्सा कम है।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : कृषि उत्पादन में वृद्धि करने का प्रयास करना चाहिए।

**II** : गैर-कृषि वस्तुओं का निर्यात कम करना चाहिए।

**27. कथन** : भारत के समान एक देश में घूमने वाले स्थानों को विकसित करने के लिए अधिक मात्रा में संसाधनों की आवश्यकताएँ हैं, इस हेतु विस्तृत समुद्र तटीय रेखाएँ, नदियाँ, जंगलों, मंदिरों आदि को सहायता देना है।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : केवल समुद्र तटीय रेखाओं पर अधिक टूरिस्ट रिसोर्ट प्रारंभ करने चाहिए।

**II** : भारत में टूरिस्टों की मात्रा का शोषण होगा।

**28. कथन** : पिछले कुछ महीनों से आस-पड़ोस में चोरी की घटनाओं को रोकने में पुलिस की अकर्त्तव्यता को उजागर करने के लिए निवासियों की ओर से ज्ञापन देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पुलिस स्टेशन पर इकट्ठे हुए।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : निवासियों को प्रतिनिधियों से बात करने के लिए पुलिस प्राधिकरण को अधिकारियों की एक टीम बनानी चाहिए और उन्हें आश्वस्त करना चाहिए कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उचित उपाय किए जाएँगे।

**II** : पुलिस प्राधिकरण को पुलिस स्टेशन के बाहर इक्ट्ठा हुए लोगों को चले जाने की सलाह देनी चाहिए और तुरंत कार्यवाहियाँ का वादा करना चाहिए।

**29. कथन** : शॉर्ट सर्किट के डर से स्कूल बिल्डिंग से निकलने के प्रयास में मची भगदड़ से कम-से-कम पाँच विद्यार्थियों की मृत्यु हो गयी।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : स्कूल के प्रिंसिपल को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

**II** : सरकार को स्थायी रूप से स्कूल बंद करने के तुरंत आदेश देने चाहिए। *[Corporation Bank PO 2009]*

**30. कथन** : आमने-सामने से आने वाली दो लोकल पैसेंजर ट्रेनें टकरा गईं, क्योंकि सिग्नलिंग सिस्टम थोड़ी देर के लिए बंद पड़ गया था।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : ट्रेनों के मोटर मैनों की सेवाएँ तत्काल समाप्त कर दी जानी चाहिए।

**II** : सिग्नलिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए सरकार को तत्काल एक टास्क फोर्स का गठन करना चाहिए।

**31. कथन** : एक निजी एयरलाइन कंपनी के प्रबंधक द्वारा दो पायलटों को बरखास्त किये जाने के विरोध में सतत चौथे दिन पायलटों द्वारा काम पर आने से इन्कार किये जाने पर उस कंपनी की लगभग 90 प्रतिशत उड़ानें रद्द की गयीं।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : इस संकट को समाप्त करने के लिए सरकार को इस एयरलाइन कंपनी को प्रबंधक को तुरंत बरखास्त कर पायलटों को पुनः बहाल करने के आदेश देने चाहिए।

**II** : सरकार को तुरंत असहाय यात्रियों की सहायता के लिए, प्रबंधक और पायलटों के बीच के गतिरोध को समाप्त करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

**32. कथन** : शहर के स्थानीय बाजार का बड़ा हिस्सा शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग में जल गया और माल व संपत्ति का भारी नुकसान हुआ।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : इलेक्ट्रिकल फिटिंग लगाने और उनका रखरखाव करने के बारे में सरकार को सभी स्थापनाओं को कड़े दिशा-निर्देश जारी करनी चाहिए।

**II** : सरकार को सभी बाजारों को शहर के बाहरी इलाकों में ले जा कर बसा देना चाहिए। *[Corporation Bank PO 2009]*

**33. कथन** : हाल ही की अपनी रिपोर्ट में औद्योगिक संबंधों पर विशेषज्ञ समिति ने यह उजागर किया कि न केवल संगठन की आंतरिक समस्याएँ ही क्वालिटी सर्किल के माध्यम से सफलतापूर्वक मैनेज हो सकी बल्कि कर्मचारियों को मोटीवेशन स्तर भी पर्याप्त रूप से बढ़ा है।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : कर्मचारियों को क्वालिटी सर्किल कार्यक्रमों में जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**II** : संगठनों को अपने कर्मचारियों के लिए क्वालिटी सर्किल पर ओरियेंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।

**34. कथन** : निजी क्षेत्र में, बड़ी संख्या में बीमार उद्योगों के कारण रोजगार के अवसर दिसंबर 1991 में 4.50 से घट कर 1992 में 4.15 होगा—एक रिपोर्ट।

**कार्यवाहियाँ**

**I** : सरकार को नए उद्योग आरंभ करने चाहिए।

**II** : बेरोजगारों को रियायती ऋण दिये जाने चाहिए।

35. कथन : हाल ही का एक अध्ययन दर्शाता है कि सन् 2000 तक कुल औरतों में से ऐसी 70% औरतें जिनके बच्चे स्कूल जाने योग्य आयु से पूर्व आयु के होंगे घर से बाहर काम पर लगी होगी।

कार्यवाहियाँ

I : भविष्य में कई औरतें ऑफिस नहीं जाएँगी, क्योंकि घर पर ही उनको काम मिलेगा।

II : सेवाओं की गुणवत्ता और ढाँचागत सुविधाओं की दृष्टि से औरतों के रोजगार के वर्तमान स्तर को ऊँचा उठाने की आवश्यकता है। *[Hotel Management 2010]*

36. कथन : सरकारी अस्पतालों के सारे स्थानीय डॉक्टर सरकार की नई आरक्षण नीति के विरोध में सामूहिक आकस्मिक छुट्टी पर चले गए हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को स्थानीय डॉक्टरों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलानी चाहिए और उन्हें अपनी ड्युटी पर वापस आने का अनुरोध करना चाहिए।

II. : यदि हड़ताली डॉक्टर तत्काल अपनी ड्यूटी पर वापस नहीं आते हैं तो सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाई के आदेश देने चाहिए। *[Andhra Bank PO 2006]*

37. कथन : शहर में वायु प्रदूषण का स्तर दिनों-दिन बढ़ता हुआ पाया गया है।

कार्यवाहियाँ

I. : जो लोग निजी वाहनों का मिल-बाँट कर प्रयोग करते हैं, नगर विकास प्राधिकारियों द्वारा उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

II. : नगर विकास प्राधिकारियों को वैयक्तिक निजी वाहन के प्रयोग पर भारी कर लगाना चाहिए। *[Andhra Bank PO 2006]*

38. कथन : बहुत से छात्र परीक्षा और परिणाम के दबाव को झेल पाने में असमर्थ रहते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : शिक्षा विभाग को परीक्षा व्यवस्था में सुधार करने पर विचार करना चाहिए।

II. : परीक्षा अधिकारियों को लिखित परीक्षाओं को आंशिक रूप से हटा देना चाहिए और इसके बजाय मूल्यांकन के अन्य साधनों के जरिए व्यावहारिक ज्ञान की परीक्षा को अधिक महत्व देना चाहिए। *[Andhra Bank PO 2006]*

39. कथन : सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करते समय लूटमार के मामलों में हाल के समय में काफी ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है।

कार्यवाहियाँ

I. : सार्वजनिक परिवहन के सब वाहनों में सुरक्षा गार्डों की पर्याप्त संख्या में तत्काल तैनाती की जानी चाहिए।

II. : लोगों को सलाह दी जानी चाहिए कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था से यात्रा करते समय अत्यधिक मूल्यवान वस्तुओं को लेकर नहीं चलना चाहिए। *[Andhra Bank PO 2006]*

40. कथन : हाल ही में क्रेडिट/डेबिट कार्ड संबंधी जालसाजी के बहुत से मामले रिकॉर्ड किए गए हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : अधिकृत व्यक्ति द्वारा क्रेडिट/डेबिट कार्ड का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को कड़ाईपूर्वक सत्यापन करना चाहिए।

II. : प्लास्टिक मुद्रा से व्यवहार करने के संबंध में बैंकों को अपने ग्राहकों को अधिक सावधान रहने की सूचना देनी चाहिए। *[Bank of Baroda PO 2007]*

41. कथन : मद्य-सेवन और प्रलाप पार्टियाँ कॉलेज के वर्तमान युवाओं के लिए फैशन बन गई हैं, जो उन्हें अपनी पढ़ाई से विचलित करती हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : राज्य सरकारों को विद्यार्थियों को पब्स और बार्स में प्रवेश की अनुमति नहीं देने संबंधी नियम बनाना चाहिए।

II. : माता-पिताओं और कॉलेजों को कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों पर कड़ा अनुशासन लागू करना चाहिए। *[Bank of Baroda PO 2007]*

42. कथन : विविध क्षेत्रों में बढ़ती हुई प्रतियोगिता से बच्चों और युवाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ता है और परिणामस्वरूप वे अत्यधिक गंभीर कदम उठाते हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : बच्चों और युवाओं को उनके माता-पिताओं के साथ प्रतियोगिता का सही परिप्रेक्ष्य में सामना करने के लिए परामर्श दिया जाना चाहिए।

II. : माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों पर दबाव नहीं डालने की सलाह दी जानी चाहिए। *[Bank of Baroda PO 2007]*

43. कथन : देश के अधिकांश भागों में पॉवर कट ने परीक्षा के समय विद्यार्थियों को अत्यधिक मुश्किल में डाल दिया है।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को लोगों को जेनरेटरों और इनभर्टरों जैसी आपात व्यवस्था करने की सलाह देनी चाहिए।

II. : पावर कट के विरोध में विद्यार्थियों के माता-पिताओं को राज्य बिजली बोर्ड के सामने मोर्चा निकालना चाहिए। *[Bank of Baroda PO 2007]*

44. कथन : शहर में रिहायशी टॉवरों के निर्माण में वृद्धि, जल आपूर्ति, मल-निर्यात प्रणाली आदि जैसी आधारभूत व्यवस्थाओं में बाधा डालती है।

कार्यवाहियाँ

I. : जब तक आधारभूत सुविधाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान न कर लिए जाएँ, नगरपालिका प्राधिकरण को टावरों के निर्माण की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

II. : जो बिल्डर्स नियमों का उल्लंघन करते हैं उनके खिलाफ संबंध प्राधिकरणों को सख्त कार्यवाहियाँ करनी चाहिए। *[Bank of Baroda PO 2007]*

45. कथन : सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए उनमें मेकेनिज्म लाने की आवश्यकता है।

कार्यवाहियाँ

I. : मोडालिटीज तैयार करने के लिए सरकार को तत्काल एक कार्यकारी दल की नियुक्ति करनी चाहिए।

II. : सरकार को सर्वोच्च न्यायालय को अपने निर्देश पर पुनर्विचार करने के लिए अपील करनी चाहिए। *[Corporation Bank PO 2006]*

46. कथन : जंगल से जाते हुए एक ट्रक ने प्रातःकाल सड़क के किनारे सोए हुए बहुत से लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

कार्यवाहियाँ

I. : स्थानीय प्रशासन द्वारा सड़क के किनारे सोने वालों पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए।

II. : तेज गति से चलने वाली ट्रक के ड्राइवर को पकड़कर उस पर किए गए अपराध हेतु-न्यायिक विचार किया जाना चाहिए। *[Corporation Bank PO 2006]*

47. कथन : हाल के महीनों में सरकारी क्षेत्र की टेलीफोन कंपनी से नया टेलीफोन कनेक्शन लेना चाहनेवालों की संख्या में भारी गिरावट आई है।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकारी क्षेत्र की टेलीफोन कंपनी को इस गिरावट के कारणों का पता लगाने के लिए तत्काल एक समिति स्थापित करनी चाहिए।

II. : नये ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सरकारी क्षेत्र की टेलीफोन कंपनी को योजित मूल्यावली से बनी नई योजनाएँ पेश करनी चाहिए। *[Corporation Bank PO 2006]*

48. कथन : एक स्थानीय स्कूल में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अस्वीकृत आवेदनों के माता-पिता को यह विश्वास दिलाने में स्कूल प्राधिकारियों को कठिनाई नहीं है।

कार्यवाहियाँ

I. : स्कूल प्राधिकारियों को आवश्यक संख्या में चयन हेतु विद्यार्थियों को प्रवेश देने संबंधी वस्तुनिष्ठ मापदण्ड तत्काल दर्शाने चाहिए।

II. : शेष विद्यार्थियों के समावेश के लिए स्कूल प्राधिकारियों को उस क्षेत्र में दूसरा स्कूल खोलना चाहिए।

49. कथन : पिछले छः महीनों के दौरान तटीय शहर के बहुत से लोग श्वांस संबंधी रोगों से पीड़ित हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : प्रभाहित लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार को तत्काल स्वास्थ्य व्यवसाय का एक दल भेजना चाहिए।

II. : ऐसे रोग से पीड़ित लोगों को एक विशेष वार्ड में रखा जाना चाहिए और उनका उचित इलाज किया जाना चाहिए। *[Corporation Bank PO 2006]*

50. कथन : वर्षा ऋतु के आगमन के साथ शहर की सड़कों की स्थिति खराब होने लगी है।

कार्यवाहियाँ

I. : राज्य सरकार को सड़क-विकाश प्राधिकरण को नियमित रूप से सड़कों का रख-रखाव करने के निर्देश देने चाहिए।

II. : सिस्टम में सुधार कर लोगों की जरूरतों और अपेक्षाओं का ध्यान रखते हुए उन्हें साझे/सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

51. कथन : लगातार आर्थिक विकास के बावजूद, हमारा देश गरीबी मिटा नहीं पाया है।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले समाज के वर्ग की ओर अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

II. : उच्च आय वर्ग के लोगों को स्वैच्छिक रूप से सरकार की गरीबी दूर करने की योजना में योगदान देना चाहिए। *[Sidbi Asst. M. 2010]*

52. कथन : पिछले कुछ वर्षों से आतंकी हमलों की घटनाएँ सतत बढ़ती जा रही हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : सभी राज्यों में अप्रवासियों पर कड़ा नियंत्रण लगाया जाना चाहिए।

II. : साझे सार्वजनिक परिवहन में प्रवासियों को बैगेज ले जाने की छूट नहीं दी जानी चाहिए। *[Sidbi Asst. M 2006]*

53. कथन : अनुत्तीर्ण होने के भय से आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में हर वर्ष वृद्धि होती जा रही है।

कार्यवाहियाँ

I. : माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों पर उच्च उपलब्धि के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए किन्तु उन्हें बच्चों की वास्तविक स्थिति का सामना करने में सहायता करनी चाहिए।

II. : विद्यार्थियों को नियमित रूप से परामर्श देने के लिए स्कूल/कॉलेज प्राधिकरणों को परामर्शदाता नियुक्त करने चाहिए।

54. कथन : संबद्ध सरकारी प्राधिकारियों के ध्यान में आपदा के बाद बहुत से झूठे दावों के मामले आए हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को, संबद्ध अधिकारियों द्वारा, पहचान का कड़ा सत्यापन सुनिश्चित करना चाहिए।

II. : इस स्थिति को संभालने के लिए सरकार को अधिक संख्या में अधिकारी तैनात करने चाहिए।

55. कथन : आपूर्ति और माँग बेमेल होने के कारण स्थानीय बाजार में आम के भाव काफी गिर गए हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को, आम के थोक विक्रेताओं को अन्य राज्यों के बाजारों में आम बेचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

II. : सरकार को, किसानों को गुदा निकाल कर उसे थोक बिक्रेताओं को बेचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। *[Central Bank of India PO 2006]*

56. कथन : अत्यधिक फीस वृद्धि के विरोध में, स्थानीय पब्लिक स्कूल के अधिकांश विद्यार्थियों के माता-पिता ने स्कूल से अपने प्रतिपाल्यों को निकाल लेने का निर्णय लिया है।

कार्यवाहियाँ

I. : स्कूल प्राधिकरण को माता-पिताओं के साथ बातचीत शुरू करनी चाहिए और किन परिस्थितियों में फीस बढ़ानी पड़ी है, यह समझाना चाहिए।

II. : यदि स्कूल से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को निकाल लिया जाता है, तो स्कूल प्राधिकरण को तत्काल रिक्तियों को भरने के लिए नये विद्यार्थियों की खोज करनी चाहिए। *[Central Bank of India PO 2006]*

57. कथन : कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा स्थानीय लोगों की हाल ही में सताये जाने के विरोध में स्थानीय पुलिस थाने के बाहर बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई।

कार्यवाहियाँ

I. : पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को अनुदेय दिए जाने चाहिए कि वह भीड़ को तत्काल तितर-बितर हो जाने के लिए कहे।

II. : पुलिस प्राधिकरण को आरोपों के विषय में तत्काल जाँच आरंभ करनी चाहिए और तदनुसार जनता को सूचित करना चाहिए। *[Central Bank of India PO 2006]*

58. कथन : हाल ही की विश्वविद्यालयीय परीक्षाओं में बहुत से विद्यार्थी अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए रंगे हाथ पकड़ गए।

कार्यवाहियाँ

I. : भविष्य में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में बैठने के लिए इन सभी विद्यार्थियों पर रोक लगाई जानी चाहिए।

II. : अनुचित साधनों का उपयोग करते पकड़े गए विद्यार्थी पुलिस को सुपुर्द किए जाने चाहिए। *[Central Bank of India PO 2006]*

59. कथन : एक महीने की अवधि में अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में क्रुड ऑयल की कीमतें लगभग 40% बढ़ गई हैं और उनके नीचे आने के आसार नजर नहीं आते हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : कीमत वृद्धि आत्मसात करने के लिए देशी खुदरा बाजार में पेट्रोल की कीमतें तत्काल लगभग 30% बढ़ायी जानी चाहिए।

II. : कीमत वृद्धि आत्मसात् करने के लिए सरकार को तेल विपणन कंपनियों को सहायकी उपलब्ध करानी चाहिए।

60. कथन : स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा सिविल अस्पतालों की अचानक जाँच किए जाने पर पता चला कि बड़ी संख्या में कर्मचारी अपनी उपस्थिति लगाने के बाद दिन के ज्यादातर समय अनुपस्थित रहते हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : स्वास्थ्य विभाग को सभी सिविल अस्पतालों के कर्मचारियों की उपस्थिति की और अधिक नियमित जाँच शुरू करनी चाहिए।

II. : बिना प्राधिकार के अनुपस्थित रहने के दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही आरंभ की जानी चाहिए।

61. कथन : सरकार द्वारा निधि-प्राप्त बहुत-सी स्वायत्त संस्थाओं/संगठनों को गैर व्यावसायिक व्यक्तियों द्वारा चलाये जाने की सूचना है जिससे वे अव्यवस्था और बदइंतजामी में परिणत हो रही है।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को संस्थाओं/संगठनों की स्थिति में सुधार लाने के उपाय सुझाने के लिए तत्काल एक समिति नियुक्त करनी चाहिए।

II. : सरकार को इन संस्थाओं/संगठनों को अपनी आय और व्यय के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहना चाहिए। *[Corporation Bank PO 2005]*

62. कथन : शहर में बहुत-से लोगों की अत्यधिक संक्रामक दिमागी बुखार से पीड़ित होने की सूचना है।

कार्यवाहियाँ

I. : जिन लोगों का दिमागी बुखार से ग्रस्त होने का निदान किया गया है उन्हें अस्पतालों के अलग-थलग वार्डों में दाखिल किया जाना चाहिए।

II. : सरकार को सभी नागरिकों से ऐसे सभी रोगियों को अविलंब अस्पतालों में भर्ती करने की अपील करनी चाहिए। *[Corporation Bank PO 2005]*

63. कथन : मौसम विज्ञान-विभाग ने अभी हाल में सूचित किया है कि देश के अधिकांश भाग में मानसून के सक्रिय होने में कुछ देरी होगी।

कार्यवाहियाँ

I. : देश के सभी कृषकों को मौसम की भविष्यवाणी से अवगत कराना चाहिए तथा उनको स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने के लिए कहा जाना चाहिए।

II. : सरकार को सूखाग्रस्त क्षेत्र के लिए पीने के पानी का समुचित प्रबंध करना चाहिए।

64. कथन : अभी हाल में देश में चीतों की गणना की गयी तथा पाया गया कि चीता आरक्षित अभयारण्य में से कुछ चीते लुप्त हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को चीता आरक्षित अभयारण्य में से बचे हुए चीतों की रक्षा के लिए कड़ा प्रबंध करना चाहिए।

II. : सरकार को लुप्त हुए चीतों के लिए उत्तरदायी अपराधियों का तुरंत पता लगाना चाहिए। *[Corporation Bank PO 2005]*

65. कथन : रेल पुलों की स्थिति के निर्धारण के लिए पारंपरिक जाँच पद्धतियाँ प्रभावी नहीं हैं। इसके परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि होती है।

कार्यवाहियाँ

I. : जीर्ण-शीर्ण और जिन पुलों की पिछले दस साल से मरम्मत नहीं हुई हो उन्हें तत्काल नष्ट किया जाना चाहिए।

II. : पुलों की स्थिति की जाँच और उनकी मरम्मत के लिए तुरंत कार्यवाही करने के लिए सरकार द्वारा आधुनिक पुल निरीक्षण उपकरण सहित आवश्यक प्रशिक्षित कार्मिकों को तैनात किया जाना चाहिए। *[United Bank of India PO 2007]*

66. कथन : इंटरनेट जैसी परिस्कृत प्रौद्योगिकी के प्रयोग से बैंकों में की जाने वाली धोखाधड़ियों की संख्या दोगुनी हो गयी है।

कार्यवाहियाँ

I. : ऐसे अपराधों से निपटने के लिए सरकार को कानून का प्रवर्तन करने वाले कार्मिकों को तकनीकी प्रशिक्षण देना चाहिए।

II. : ऐसी धोखाधड़ियों को रोकने के लिए बैंकों को कठोर जाँचों और प्रणालियों को लागू करना चाहिए। *[United Bank of India PO 2007]*

67. कथन : बहुत तेज और लापरवाह बस ड्राइवरों पर जुर्माना लगाये जाने के बावजूद ड्राइवरों द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने की घटनाएँ कम नहीं हुई हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : अपराधियों के लाइसेन्स तुरंत ले लिये जाने चाहिए।

II. : बिना अतिरिक्त विलंब के बस कंपनियों को सम्बद्ध दोषी ड्राइवरों को चेतावनी देनी चाहिए और बार-बार अपराध करने वालों को निलंबित करना चाहिए। *[United Bank of India PO 2007]*

68. कथन : समय के साथ-साथ साहूकारों द्वारा शोषित बेरोजगार ग्रामीण जनता की संख्या में वृद्धि होती जा रही है।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को बेरोजगार ग्रामीण लोगों के लिए कमाई के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने चाहिए।

II. : सरकार को NGOs और वित्तीय संसाधनों को उन्हें ऋण के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। *[United Bank of India PO 2007]*

69. कथन : ग्रामीण इलाकों में बहुत से मरीजों की मृत्यु हो जाती है, क्योंकि उनका इलाज करने वाले डॉक्टरों में आवश्यक ज्ञान और निपुणता का अभाव होता है।

कार्यवाहियाँ

I. : डॉक्टरों को डॉक्टरी प्रैक्टिस करने के लिए लाइसेंस जारी करने से पहले उनके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में काम करना अनिवार्य होना चाहिए।

II. : उच्च जोखिम वाले ऑपरेशनों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाना चाहिए।

70. कथन : अधिकतम कॉलेज छात्र पढ़ाई से ज्यादा फैशन पर ध्यान देते हुए पाये जाते हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : कॉलेजों को फैशनेबल कपड़ों और अन्य सहायक वस्तुओं के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।

II. : कॉलेजों को छात्रों की पढ़ाई में व्यस्त रखना चाहिए ताकि उन्हें फैशन जैसी दूसरी चीजों के लिए समय न बचे। *[Nabard Bank Officers 2008]*

71. कथन : किसानों को दी जा रही सहायकियों का दुरुपयोग देखा गया था और इसे सम्बद्ध प्राधिकारियों के ध्यान में लाया गया था।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को सम्बद्ध अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करते समय और सहायकी देते समय अधिक कड़ाई बरतने और सावधान रहने के आदेश देने चाहिए।

II. : सहायकी का गलत दावा करने वालों के खिलाफ सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

*[Bank of Maharashtra PO 2007]*

72. कथन : मध्यम वर्ग के कॉलेज जाने वाले किशोर वर्ग के बच्चों में महँगे कपड़ों और सहायक वस्तुओं की आवश्यकता में वृद्धि होती जा रही है।

कार्यवाहियाँ

I. : कॉलेजों को ड्रेस कोड लागू करना चाहिए।

II. : अन्य बहुत-सी वस्तुओं के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों को परामर्श दिया जाना चाहिए।

*[Bank of Maharashtra PO 2007]*

73. कथन : एक मकान के ढहने पर तीस लोगों की मृत्यु हो गई इससे इस इलाके के लोग उत्तेजित हो गए।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को प्रभावित परिवारों के लिए तुरंत मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए।

II. : प्रयुक्त सामग्री में समझौता करने वाले बिल्डरों के खिलाफ सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

*[Bank of Maharashtra PO 2007]*

74. कथन : मानसून के प्रारंभ के साथ विभिन्न महामारियों के कारण सभी अस्पतालों में अधिक संख्या में रोगी आने लगे हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : नागरिक प्राधिकरण को लोगों को न्यूनतम आवश्यक हाइजीन के अनुपालन की जरूरत के विषय में शिक्षित करना चाहिए।

II. : नागरिक प्राधिकरण को अस्पतालों को आवश्यक दवाइयों और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

*[Bank of Maharashtra PO 2007]*

75. कथन : पिछले पखवाड़े के दौरान इलाके में लूट-पाट और सेंधमारी की घटनाएँ बढ़ गई हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : स्थानीय पुलिस थाने के कार्मिकों को नियमित अंतरालों पर इलाके की गश्त लगाना शुरू कर देना चाहिए।

II. : पुलिस अधिकारी इलाके के निवासियों से कहें कि वे रात को घर अकेला न छोड़ें।

*[Oriental Bank of Commerce PO 2008]*

76. कथन : भारतीय क्रिकेट के मामले में खेल से ज्यादा महत्वपूर्ण पैसा हो गया है।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की विभिन्न स्रोतों से कमाई की उच्चतम सीमा तय कर देनी चाहिए।

II. : सरकार को भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की विभिन्न स्रोतों से कमाई की उच्चतम सीमा तय कर देनी चाहिए।

*[Oriental Bank of Commerce PO 2008]*

77. कथन : शहर के उत्तरी भाग के लोग बड़ी संख्या में जल संक्रामक रोगों से पीड़ित हैं।

कार्यवाहियाँ

I. : नगर प्राधिकरण को उस इलाके में रह रहे लोगों को सलाह देनी चाहिए कि वे पाइपलाइन के जरिए मिलने वाले पानी का प्रयोग पीने के लिए न करें।

II. : स्थानीय अस्पतालों को आपात संकट की स्थिति से निपटने के लिए सावधान कर देना चाहिए।

78. कथन : सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से देश के कुछ हिस्सों में बाँटे जाने वाले अनाज की क्वालिटी बहुत खराब है और मनुष्य के उपभोग के योग्य नहीं है।

कार्यवाहियाँ

I. : वितरण प्रणाली से अनाज का सारा स्टॉक तुरंत वापस ले लिया जाना चाहिए।

II. : लोगों को इस प्रणाली से खरीदे गए अन्न को वापस करने और अपना पैसा वापस लेने के लिए कहा जाना चाहिए।

*[Oriental Bank of Commerce PO 2008]*

79. कथन : तेज गति से जाने वाले वाहन द्वारा पाँच स्थानीय लोगों की मौत के विरोध में हाईवे की ट्रैफिक को रोकने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।

कार्यवाहियाँ

I. : भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आँसू गैस छोड़नी चाहिए।

II. : पुलिस को गुनहगार के खिलाफ कार्यवाहियाँ करने का आश्वासन देकर और मौके पर पुलिस कार्मिक तैनात करके भीड़ की भावनाओं को शांत करना चाहिए।

*[Oriental Bank of Commerce PO 2008]*

80. कथन : देश की अच्छी आर्थिक स्थिति के बावजूद देश के ग्रामीण इलाकों में अल्पपोषित बच्चों की काफी ज्यादा संख्या पाई गई है।

कार्यवाहियाँ

I. : सरकार को धन कर/आय कर बढ़ा देना चाहिए और धन का प्रयोग वंचित वर्ग के विकास के लिए करना चाहिए।

II. : सरकार को प्राथमिक स्कूलों में मुफ्त भोजन जैसी योजनाएँ शुरू करनी चाहिए और प्राथमिक क्षिक्षा को अनिवार्य कर देना चाहिए।

*[Nabard Bank Officers 2008]*

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (1) | 2. (2) | 3. (5) | 4. (2) | 5. (2) | 6. (2) |
| 7. (2) | 8. (1) | 9. (2) | 10. (1) | 11. (2) | 12. (5) |
| 13. (2) | 14. (5) | 15. (5) | 16. (1) | 17. (4) | 18. (2) |
| 19. (1) | 20. (5) | 21. (2) | 22. (1) | 23. (1) | 24. (4) |
| 25. (2) | 26. (4) | 27. (3) | 28. (1) | 29. (4) | 30. (2) |
| 31. (2) | 32. (4) | 33. (5) | 34. (5) | 35. (4) | 36. (1) |
| 37. (5) | 38. (5) | 39. (1) | 40 (1) | 41. (5) | 42. (1) |
| 43. (4) | 44. (5) | 45. (1) | 46. (5) | 47. (5) | 48. (4) |
| 49. (2) | 50. (1) | 51. (5) | 52. (5) | 53. (5) | 54. (1) |
| 55. (5) | 56. (1) | 57. (2) | 58. (1) | 59. (3) | 60. (5) |
| 61. (2) | 62. (2) | 63. (1) | 64. (5) | 65. (5) | 66. (2) |
| 67. (2) | 68. (5) | 69. (5) | 70. (5) | 71. (5) | 72. (2) |
| 73. (5) | 74. (5) | 75. (1) | 76. (2) | 77. (2) | 78. (5) |
| 79. (2) | 80 (5) | | | | |

## व्याख्यात्मक उत्तर

1. (1) प्रशासन को तुरंत ही कड़े कदम उठाना चाहिए ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को घटने से पहले ही रोक दिया जा सके एक बार जो अपराधी पकड़ में आ जाय तो उन्हें दुबारा नहीं छोड़ना चाहिए। उनसे पूछताछ करके अन्य अपराधियों का पता लगाया जा सकता है। अतः केवल कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

2. (2) कथनानुसार विटामिन E मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है और यह ताजे फलों और सब्जियों में पाया जाता है। विटामिन E की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लोगों को ताजे फलों और सब्जियों को खाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

3. (5) प्रशासन को हंगामा करने वाले लोगों को गिरफ्तार करना चाहिए तथा दोनों क्लबों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करना चाहिए ताकि ऐसी घटना भविष्य में नहीं हो। अतः कार्यवाही I और II दोनों कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

4. (2) ट्रक को हटाने और सड़क को साफ करने के लिए ट्रैफिक विभाग को तत्काल लोग और उपकरण भेजने चाहिए ताकि आवागमन सुचारु रूप से चालू हो सके। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

5. (2) कंपनी का परिसर छोड़ने से पहले सभी कामगारों के सामान की पूर्णरूप से जाँच करनी होगी ताकि कोई भी कामगार हीरे की तस्करी नहीं कर सके। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

6. (2) स्थानीय प्रशासन को नुकसान की सीमा का निर्धारण करने के लिए अधिकारियों का दल भेजना चाहिए ताकि पीड़ित को उचित सहायता मिल सके। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

7. (2) सरकार को स्थानीय अस्पतालों को सलाह देनी चाहिए कि बीमारों को सबसे अच्छी सेवाएँ दी जाएँ ताकि उनके स्वास्थ्य की समूचित देखभाल हो सके। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

8. (1) कथनानुसार सेलफोन प्रयोक्ताओं ने पाया कि टैरिफ प्लान उतने आकर्षक नहीं हैं जितने टेलिकॉम कंपनियों ने प्रोमोट किये थे। अगर विनियामक अधिकारियों द्वारा टेलिकॉम कंपनियों को सभी प्लानों के टैरिफ ढाँचों में पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया जाता है तो किसी तरह की शिकायत नहीं होगी। अतः कार्यवाहियाँ I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

9. (2) कथनानुसार राज्य विधानसभा के चुनाव से पहले अक्टूबर में राज्य में भारी वर्षा के कारण राज्य के अधिकांश भागों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ, इसके लिए राज्य सरकार को प्रभावित लोगों के लिए राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

10. (1) भारतीय विश्व विद्यालयों को पाठ्यक्रम की विषय-वस्तु तय करने के लिए और उन्हें रोजगारपरक बनाने के लिए उच्च शिक्षा के कॉलेजों और संस्थानों को अधिक स्वायत्तता देनी चाहिए ताकि कोई ग्रेजुएट बेरोजगार नहीं रहे। अतः कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

11. (2) सरकार को स्कूल में दिये जाने वाले टिफिन की गुणवत्ता को प्रमाणित करने के लिए एक प्रणाली को विकसित करना चाहिए ताकि स्कूल में सब्सिडाइज्ड (दूषित) टिफिन की आपूर्ति न हो और उसको खाकर कोई बच्चा बीमार न पड़े। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

12. (5) डॉल्फिन की संख्या को बढ़ाने के लिए उसका प्रजनन मछली घरों और सुरक्षित जगहों पर कराना चाहिए ताकि उसकी संख्या में वृद्धि हो सके और डॉल्फिनों की सुरक्षा के लिए स्थानीय लागों की एक सूची बनाना चाहिए ताकि उसका कोई शिकार नहीं कर सके। अतः कार्यवाही I और II दोनों कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

13. (2) ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कदम उठाने के लिए बैंक प्रबंधक को शाखा के प्रबंधक से रिपोर्ट माँगनी चाहिए। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

14. (5) जॉगर्स पार्क के पास पुलिस की तैनाती होने से भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है और लोग सुबह में रहेंगे तो उनपर होने वाले हमलों में कमी आयेगी। अतः कार्यवाहियाँ I और II दोनों कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

15. (5) सरकार को दुर्घटनाओं से बचाव के लिए स्कूल बसों की जाँच करानी चाहिए और जब तक जाँच नहीं हो पाती उनके परिचालन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अतः कार्यवाही I और II दोनों कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

16. (1) बैंक को प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले अधिकारियों से कम-से-कम दो वर्ष का बॉण्ड लेना चाहिए ताकि वे बैंक को छोड़ नहीं पाएँ। अतः कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

17. (4) कोई कार्यवाही कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

18. (2) सरकार को पवित्र स्थल की यात्रा के लिए मार्ग दर्शन हेतु पर्याप्त संख्या में कार्मिक तैनात करना चाहिए ताकि भगदड़ नहीं मच सके। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

19. (1) छात्रों के माता-पिता को घटना की सूचना देनी चाहिए और उन्हें अपने बच्चों को समझाने का अनुरोध करना चाहिए ताकि वे भविष्य में वैध टिकट लेकर यात्रा कर सकें। अतः कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

20. (5) सिविक प्राधिकारियों को तुरंत ही पेय जल आपूर्ति करने वाले मुख्य पाईप का मरम्मत करना चाहिए और नुकसान के लिए कंपनी से स्पष्टीकरण और मुआवजा माँगना चाहिए। अतः कार्यवाही I और II दोनों कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

21. (2) सरकार को कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मचारियों को तैनात करना चाहिए ताकि यात्री को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

22. (1) सरकार को आवश्यक वस्तुओं पर कर कम करने जैसे कदम उठाने चाहिए ताकि आवश्यक वस्तुओं की कीमत में ज्यादा वृद्धि न हो। अतः कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

23. (1) कथनानुसार केवल कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि समस्या को एयर लाइन एवं एयर कार्गो दोनों मिलकर सुलझाएँ तभी समस्याएँ समाप्त होंगी।

24. (4) कोई कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

25. (2) बच्चों की अनुपस्थिति का कारण ज्ञात करना ही समस्या का उचित समाधान है। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

26. (4) कोई कार्यवाही कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

27. (3) या तो कार्यवाही I नहीं तो II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

28. (1) भविष्य में इस तरह की घटना को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा निवासियों को आश्वस्त करना चाहिए और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को उचित उपाय करना चाहिए। अतः कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

29. (4) कोई कार्यवाही कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

30. (2) सरकार को सिग्नलिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित करना चाहिए ताकि दुर्घटना का वास्तविक कारण का पता लगाया जा सके। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

31. (2) कथनानुसार सरकार को प्रबंधक और पायलटों के बीच के गतिरोध को समाप्त कर असहाय यात्रियों की सहायता करनी चाहिए। अतः कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

32. (4) कोई कार्यवाही कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

33. (5) कथनानुसार क्वालिटी सर्किल के माध्यम से संगठन की समस्याएँ दूर होने की बात कही गयी है और दोनों कार्यवाहियों का उद्देश्य संगठन में सुधार लाना है। अतः कार्यवाही I और II दोनों कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

34. (5) सरकार को नये उद्योग-धंधे शुरू करना चाहिए ताकि रोजगार प्राप्त हो सके और बेरोजगारों को रियायती दर पर ऋण देने से बेरोजगारी की समस्या दूर हो सकती है। अतः कार्यवाही I और II दोनों कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

35. (4) कोई कार्यवाही कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

36. (1) सरकार के द्वारा नई आरक्षण नीति बनाई गई है। अतः डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बजाय सरकार को डॉक्टरों के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाकर उन्हें ड्यूटी पर वापस आने का अनुरोध करना चाहिए। अतः कार्यवाही I कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

37. (5) अगर लोग निजी वाहनों का मिल बाँट कर प्रयोग करेंगे तो प्रदूषण का स्तर कम होगा तथा नगर विकास प्राधिकारियों द्वारा वैयक्तिक निजी वाहन के प्रयोग पर भारी कर लगाने से लोग निजी वाहन का कम प्रयोग करेंगे। अतः दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

38. (5) शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा-व्यवस्था में सुधार करने से तथा मूल्यांकन प्रणाली प्रयोग करने से ऐसी दुर्घटनाओं की संभावना नहीं रहेगी। अतः दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

39. (1) सार्वजनिक परिवहन के सब वाहनों में यदि सुरक्षा गार्डों की संख्या में वृद्धि कर दी जाए तो खतरा नहीं रहेगा तथा यात्रा करते समय अत्यधिक मूल्यवान वस्तुएँ साथ न ले जाना असंभव है। अतः केवल कार्यवाही I कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

40. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है क्योंकि कथन के अनुसार हाल ही में क्रेडिट/डेबिट कार्ड संबंधी जालसाजी के बहुत से मामले रिकार्ड किए गए हैं। अतः इनके प्रयोगों को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को कड़ाईपूर्वक सत्यापन करना आवश्यक है।

41. (5) दोनों कार्यवाहियाँ I तथा II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। कॉलेज के वर्तमान युवाओं को मद्य सेवन और प्रलाप पार्टियों में जाने से रोकने के लिए राज्य सरकार, माता-पिताओं तथा कॉलेज अधिकारियों द्वारा कड़ा अनुशासन लगाना बहुत आवश्यक है।

42. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है। विविध क्षेत्रों में बढ़ती हुई प्रतियोगिताओं से बच्चों और युवाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ता है और परिणामस्वरूप वे अत्यधिक गंभीर कदम उठाते हैं। इसको रोकने के लिए बच्चों और उनके माता-पिताओं को प्रतियोगिता का सही परिप्रेक्ष्य में सामना करने के लिए परामर्श दिया जाना चाहिए।

43. (4) दोनों में से कोई कार्यवाही कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

44. (5) दोनों कार्यवाहियाँ I तथा II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं क्योंकि शहर में रिहायशी टॉवरों के निर्माण से उत्पन्न कठिनाइयों को दूर करने के लिए दोनों ही कार्यवाहियाँ उचित हैं।

45. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सरकारी कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार को तत्काल एक कार्यकारी दल की नियुक्ति करना चाहिए।

46. (5) दोनों कार्यवाहियाँ I तथा II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं क्योंकि स्थानीय प्रशासन द्वारा सड़क के किनारे सोने वालों पर तत्काल प्रतिबंध लगा देने पर ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है तथा तेज गति से गतिमान ट्रक के ड्राइवर को पकड़कर उस पर किए गए अपराध हेतु दण्ड देने पर आगे से कोई ऐसा अपराध करने से बचेगा।

47. (5) दोनों कार्यवाहियाँ I तथा II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

48. (4) दोनों कार्यवाहियाँ I तथा II में से कोई भी कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है क्योंकि अस्वीकृत करने के बाद वस्तुनिष्ठ माप का कोई महत्व नहीं रह जाता है तथा दूसरा स्कूल खोलना तत्काल आसान काम नहीं है।

49. (2) केवल कार्यवाही II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि इसमें इलाज के साथ-साथ रोग को फैलने से रोकने के उपाय भी सम्मिलित हैं।

50. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि सड़क विकास प्राधिकरण राज्य सरकार द्वारा सड़कों के रखरखाव के लिए बनाया गया है।

51. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं यदि सरकार गरीबी की रेखा के नीचे गुजर-बसर करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त रोजगार संबंधी योजनाएँ बनाये तो उनकी गरीबी मिटाई जा सकती है। समाज का उच्च आय वर्ग के लोग यदि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं में स्वेच्छा से कुछ अधिक सहायता करे तो गरीबों के विकास में उन्नति होगी।

52. (5) दोनों ही कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है। सभी राज्यों में अप्रवासियों पर कड़ा नियंत्रण लगाना चाहिए। हमें प्रयेक अप्रवासी यात्री पर निगाह रखनी चाहिए तथा साझे सार्वजनिक परिवहन में प्रवासियों को बैगेज ले जाने की छूट नहीं देनी चाहिए, क्योंकि यह संभव है कि उसमें वे कुछ बम अथवा विस्फोटक सामान ले जा रहे हों।

53. (5) सभी छात्रों का बौद्धिक स्तर एक समान नहीं होता है अतः माता-पिता एवं शिक्षकों को बच्चों पर उच्च उपलब्धि के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए वरना बच्चे अनुत्तीर्ण होने के भय से आत्महत्या करने लगते हैं। इसके अतिरिक्त स्कूलों में नियमित रूप से परामर्श देने के लिए परामर्शदाता नियुक्त करने चाहिए। अतः दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

54. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है। यदि देखभाल करने वाले व्यक्ति विशेष की पहचान सही प्रकार से की जाए तो सत्य या झूठ का पता आसानी से लगाया जा सकता है।

55. (5) आम के उचित उपभोग पर सरकार को निर्णय लेने का अधिकार है जिससे कि प्राकृतिक संपदा को नष्ट होने से बचाया जा सके तथा आपूर्त्ति अधिक होने पर संभावना बनती है कि उपभोग के अतिरिक्त आम नष्ट हो सकता है। अतः दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

56. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि परिस्थिति का पता चलने पर माता-पिता अपना निर्णय तुरंत बदल सकते हैं।

57. (2) केवल कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि तुरंत जाँच का आश्वासन दिलाकर भीड़ को शान्त किया जा सकता है।

58. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि अगर वे दोषी पाए जाते हैं तो शिक्षा स्तर को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें शैक्षिक स्तर पर प्रताड़ित करना जरूरी है ताकि अन्य विद्यार्थी सचेत हो जाऐ।

59. (3) या तो कार्यवाहियाँ I या II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है। यदि खुदरा बाजार में कीमत बढ़ानी है तो विपणन कंपनियों को सहायकी उपलब्ध कराना उचित नहीं है और यदि विपणन कंपनियों को सहायकी प्रदान करती है तो खुदरा बाजार में मूल्य स्थिर रखना चाहिए।

60. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा हैं, क्योंकि कर्मचारियों की अनुपस्थिति की जाँच पूरी तरह करना जरूरी है तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करना परम आवश्यक है।

61. (2) केवल कार्यवाही II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि अगर सरकार ऐसी संस्थाओं/संगठनों की आय और व्यय के बारे में रिपोर्ट लेती है तो वे संस्था/संगठन अव्यवस्था और बदइंतजाम से बचेंगे।

62. (2) केवल कार्यवाहियाँ II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

63. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि देश के सभी कृषकों को मौसम की भविष्यवाणी से अवगत कराना चाहिए ताकि किसान स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहे।

64. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। बचे हुए चीजों की रक्षा करने का उचित प्रबंध करना चाहिए और इसके लिए उत्तरदायी व्यक्तियों को कठोर दण्ड देना भी जरूरी है।

65. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं जिन पुलों की पिछले दस वर्षों से मरम्मत नहीं हुई है तथा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। उन्हें तत्काल नष्ट कर देना ही उचित है, क्योंकि वे कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं तथा पुलों की जाँच के लिए आधुनिक पुल निरीक्षण उपकरण सहित प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात किया जाना चाहिए।

66. (2) केवल कार्यवाहियाँ II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि ऐसी धोखाधड़ियों को रोकने के लिए बैंकों को कठोर जाँच प्रणालियों को लागू करना चाहिए।

67. (2) केवल कार्यवाहियाँ II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

68. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि सरकार को बेरोजगार ग्रामीणों की कमाई के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना चाहिए ताकि बेरोजगारी की दर को रोका जा सके तथा NGOs तथा वित्तीय संस्थाओं को बेरोजगार ग्रामीण लोगों को ऋण के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने के लिए सरकार को प्रोत्साहित करना चाहिए।

69. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं, क्योंकि डॉक्टरी प्रैक्टिस करने के लिए लाइसेन्स जारी करने से पहले डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों में काम करना अनिवार्य करना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रहे रोगों को रोकने में तथा ग्रामीण क्षेत्र में मूल्य दर कम करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल होगी।

70. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं, क्योंकि दोनों कार्यवाहियाँ कॉलेज के छात्रों का ध्यान फैसन से हटाकर, अध्ययन की ओर लगाने में सहायक है।

71. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं, क्योंकि कार्यवाही सहायकी के उचित उपयोग होने में मदद करेगी।

72. (2) केवल कार्यवाही II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि कार्यवाही संभवतः चीजों में सुधार लाने में मदद ही करेगा। इससे कॉलेज जाने वाले बच्चों में कपड़ों तथा अन्य वस्तुओं के प्रति रुचि कम होगी।

73. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं क्योंकि कार्यवाही I पीड़ित मानव की सहायता के लिए वांछनीय है तथा कार्यवाही II भविष्य में ऐसी घटना को रोकने के लिए उपयोगी होगी।

74. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि कार्यवाही I महामारी को रोकने में सहायक सिद्ध होगा तथा कार्यवाही II महामारी से पीड़ित को ठीक करने में मदद करता है।

75. (1) केवल कार्यवाही I कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि पुलिस गश्त चोरों के बीच भय पैदा करता है तथा यह एक निवारक का कार्य करता है।

76. (2) केवल कार्यवाही II कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि पैसा खिलाड़ियों के मामले में न कि बोर्ड के मामले में कठिनाई पैदा कर रहा है तथा खेल के बजाय ज्यादा कमाई पर ध्यान दे रहे हैं।

77. (2) केवल कार्यवाही II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है क्योंकि जब संकट ज्यादा हो तो अस्पताल को आपात संकट की स्थिति से निपटने के लिए सावधान रहने की जरूरत है।

78. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं क्योंकि दोनों कार्यवाहियाँ खराब क्वालिटी वाले अनाज को नियंत्रित करेंगी।

79. (2) केवल कार्यवाहियाँ II कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

80. (5) दोनों कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं, बच्चों के लिए पोषण उपलब्ध कराने में धन की आवश्यकता होती है क्योंकि अनिवार्य भोजन से पोषण की उपलब्धता की संभावना होती है।

## अभ्यास-2

### TYPE-II.

**निर्देश :** *नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के तीन उपाय (A), (B) और (C)दिये गये हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है जो समस्या, नीति आदि के संदर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से संबंधित होता है। कथन में दी गयी जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गयी प्रत्येक तथ्य को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिये गये सुझाव में से कौन-सी कार्यवाहियाँ कार्यान्वियन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है।*

1. **कथन :** आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के सामने विरोध प्रकट करने के लिए बहुत से सक्रिय राजनीतिक प्रतिभागियों ने प्रदर्शन कर व्यस्ततम समय में शहर में वाहनों के आवागमन को रोकने का निर्णय लिया है।

**कार्यवाहियाँ**

A : सरकार को तत्काल देश में हर प्रकार के आंदोलनों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

B : शहर में वाहनों के आवागमन में सहायता करने के लिए शहर के पुलिस प्राधिकरण को शहर में सभी जगह अतिरिक्त बल तैनात करने चाहिए।

C : राज्य प्रशासन को शहर में रहने वाले ज्ञात अपराधियों की निवारक गिरफ्तारी करनी चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल A और B अनुसरण कर रहे हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं *[SBI PO 2010]*

2. **कथन :** पिछले कुछ वर्षों के दौरान में बहुत से जिलों में स्कूल छोड़ देने वालों की दर में भारी वृद्धि हुई है, क्योंकि इनके माता-पिता इनसे दूसरों की मालिक के खेतों में काम करवाते हैं ताकि वे उनके लिए दिन में कम-से-कम एक बार के भोजन के लिए पर्याप्त कमायी करें।

**कार्यवाहियाँ**

A : माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से इन जिलों में गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।

B : सरकार को जिले की कुछ स्कूल बंद कर इनके शिक्षकों को स्कूलों में तैनात करना चाहिए और शेष बच्चों को इन स्कूलों में भर्ती होने के लिए कहना चाहिए।

C : कक्षाओं में उपस्थित रहने के बदले अपने बच्चों पर खेतों में काम करने के लिए दबाव डालने वाले सभी माता-पिता के लिए सरकार को गिरफ्तारी वारंट जारी करना चाहिए।

*[SBI PO 2010]*

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल A और B अनुसरण कर रहे हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं

3. **कथन :** पिछले तीमाहियों के दौरान हुई भारी हानि के कारण एक बड़े प्राइवेट बैंक ने अपने एक-तिहाई कर्मचारियों की छटनी करने का निर्णय लिया है।

**कार्यवाहियाँ**

A : सरकार को एक अधिसूचना जारी कर आम जनता को इस बैंक के साथ अपने सभी लेन-देन रोक देने के लिए कहना चाहिए।

B : सरकार को इस बैंक को अपने कर्मचारियों की छंटनी नहीं करने के निर्देश देने चाहिए।

C : सरकार को देश के केंन्द्रीय बैंक को इस बैंक की गतिविधियों की छानबीन आरंभ कर अपनी रिपोर्ट देने के लिए कहना चाहिए।

(1) इनमें से कोई नहीं
(2) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(5) केवल A और C अनुसरण कर रहे हैं। *[SBI PO 2010]*

4. **कथन :** पुलिस कान्स्टेबल की भर्ती अभियान में भाग लेते समय भगदड़ के कारण एक उम्मीदवार की मृत्यु हो गई।

**कार्यवाहियाँ**

A : भर्ती प्रक्रिया के प्रभारी को तुरंत निलंबित कर दिया जाना चाहिए।

B : अधिकारियों के एक दल को उन परिस्थितियों का पता लगाने के लिए कहा जाना चाहिए जिनके कारण उम्मीदवार की मृत्यु हुई है और एक सप्ताह के भीतर उसकी रिपोर्ट देने के लिए कहा जाना चाहिए।

C : भविष्य में ऐसी घटनाएँ टालने के लिए सरकार को गृह विभाग से कहना चाहिए कि उन्हें उम्मीदवारों की संख्या को अधिक दिनों में स्टैगर कर देना चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B और C अनुसरण कर रहे हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं [SBI PO 2010]

5. कथन : पिछले दो दिनों के दौरान भारी बे-मौसम बरसात ने राज्य में सामान्य जन-जीवन ठप्प कर दिया है। इसमें पाँच लोगों की मृत्यु हो गयी किंतु इससे राज्य में भारी जल संकट की समस्या में बहुत राहत हुई है।

कार्यवाहियाँ

A : इस संकटभरी परिस्थिति की समीक्षा के लिए राज्य सरकार को एक समिति का गठन करना चाहिए।
B : राज्य के सभी प्रमुख शहरों में पेयजल के प्रयोग संबंधी सभी प्रतिबंध सरकार को तुरंत हटा देना चाहिए।
C : राज्य के सभी प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार को राहत सामग्री भेजनी चाहिए।

(1) इनमें से कोई नहीं
(2) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल B और C अनुसरण कर रहे हैं।
(4) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(5) A, B, C सभी अनुसरण कर रहे हैं। [SBI PO 2010]

6. कथन : कंपनी 'X' ने कंपनी 'A' द्वारा आपूर्ति की गयी सभी वॉल्वों को एवं बड़ी मात्रा में दिये गये सभी ऑर्डरों को निम्नस्तरीय गुणवत्ता वाले सामग्री का प्रयोग एवं निम्नस्तरीय शिल्पकारी के कारण रिजेक्ट कर दिया।

कार्यवाहियाँ

A : कंपनी 'A' को अपने क्रय, उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण विभागों की जाँच करनी चाहिए।
B : कंपनी 'A' को कंपनी 'X' द्वारा रिजेक्ट किये गये सभी वॉल्वों की जाँच करनी चाहिए।
C : कंपनी 'A' द्वारा कंपनी 'X' को यह सूचित करना चाहिए कि सुधार के लिए कदम उठाये जा रहे हैं तथा पुनः निर्धारित आपूर्ति की अनुसूची पर समझौता करना चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहे हैं।
(2) केवल B और C अनुसरण कर रहे हैं।
(3) सभी A, B और C अनुसरण कर रहे हैं।
(4) केवल A तथा B अथवा C
(5) इनमें से कोई नहीं [SBI PO 1999]

7. कथन : विश्वविद्यालय उसके कॉलेजों और विभिन्न प्राधिकारियों के बीच समन्वय का अभाव होने का परिणाम यह हुआ है कि छात्र एक कॉलेज से निकाले जाते हैं तो दूसरे कॉलेज में माइग्रेट कर जाते हैं।

कार्यवाहियाँ

A : अगर कोई छात्र कॉलेज से निकाला जाता है तो उसकी सूचना विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों को भेजी जानी चाहिए।
B : विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में प्रवेश केवल विश्वविद्यालय द्वारा सीधे संचालित किये जाने चाहिए।
C : गैर-सामाजिक गतिविधियों में लगे हुए छात्रों के खिलाफ कठोर कार्यवाहियाँ करने के लिए एक अलग विभाग बनाया जाना चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहे हैं।
(2) सभी अनुसरण कर रहा है।
(3) कोई अनुसरण नहीं कर रहा है।
(4) केवल A और C अनुसरण कर रहे हैं।
(5) केवल B अनुसरण कर रहा है। [MBA 2005]

8. कथन : स्कूल M के व्यवस्थापक ने अगामी शिक्षण-पत्र से अपने प्राइमरी सेक्शन के सभी विद्यार्थियों को अपनी कैन्टीन से चाहे सरकार अनुदान भी न दे तो भी मुक्त अल्पाहार देने का निश्चय किया है।

कार्यवाहियाँ

A : बहुत से निर्धन विद्यार्थियों का जो अगले शिक्षण-सत्र में नामांकन करना चाहते हैं का स्कूल में नामांकन करेगी।
B : कैंटीन संबंधी सुविधाओं एवं बर्तनों की जाँच करनी होगी तथा इसे समुचित रूप से सामग्रियों से लैस रखने हेतु नवीन खरीदारी करनी होगी।
C : आने वाले वर्ष में इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए फंड की व्यवस्था की जानी चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(4) इनमें से कोई नहीं
(5) सभी तीनों [SBI PO 1999]

9. कथन : पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार वर्षा ने अति प्रवाह और बाढ़ की समस्या खड़ी कर दी है, क्योंकि नदी की तलहटी गाद और कीचड़ से भरी है।

कार्यवाहियाँ

A : नदी के किनारे रह रहे लोगों को किसी सुरक्षित जगह स्थानांतरित कर देना चाहिए।
B : लोगों को रेडियो/दूरदर्शन के जरिये आने वाले खतरे के प्रति आगाह किया जाना चाहिए।
C : नदी के जलस्तर में कमी हाने के तत्काल बाद ही नदी की तलछटी से गाद और कीचड़ साफ किया जाना चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहे हैं।
(2) केवल B और C अनुसरण कर रहे हैं।
(3) इनमें से कोई नहीं
(4) सभी
(5) केवल A और C अनुसरण कर रहे हैं।

10. कथन : अपने एक नवीनतम बुलेटिन के माध्यम से मौसम ब्यूरो ने अगले सप्ताह भारी वर्षा होने की भविष्यवाणी की है, जिसके कारण शहर के कई भागों में पानी भर सकता है।

कार्यवाहियाँ

A : जनसंचार माध्यमों से इस बुलेटिन का व्यापक प्रचार किया जाना चाहिए।
B : नगर प्राधिकारियों को इन क्षेत्रों से पानी हटाने के लिए पंपिंग सिस्टम तैयार अवस्था में रखना चाहिए।
C : इन दिनों के दौरान लोगों को घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी जानी चाहिए।

(1) कोई नहीं
(2) केवल B और C अनुसरण कर रहे हैं।
(3) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल A और C अनुसरण कर रहे हैं।
(5) सभी [NABARD, 2002]

11. कथन : पिछले दो दिनों में भारी वर्षा के कारण शहर के दो प्रमुख भागों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जलमग्न हो गई है।

कार्यवाहियाँ

A. : सरकार को तुरंत प्रभावित क्षेत्र में राहत टीम भेजनी चाहिए।

B. : नगरपालिका प्राधिकरण को सड़क से पानी निकालने के प्रयास तत्काल करने चाहिए।

C. : नगरपालिका प्राधिकरण को सड़क से पानी निकालने तक आम जनता को घर में रहने की सूचना देनी चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B और C अनुसरण करती है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[United Commercial Bank PO 2009]*

12. कथन : पिछले कुछ सप्ताहों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं।

कार्यवाहियाँ

A. : कीमतों की प्रवृत्ति के अध्ययन के लिए सरकार को एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए।

B. : सरकार को आवश्यक वस्तुओं पर कर तुरंत समाप्त कर देने चाहिए।

C. : सरकार को आम जनता को सूचित करना चाहिए कि कुछ दिनों के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीद न करें।

(1) कोई अनुसरण नहीं कर रहा है।
(2) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(5) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।

*[United Commercial Bank PO 2009]*

13. कथन : स्कूल द्वारा दिया गया मध्याह्न भोजन खाने के बाद स्थानीय स्कूल के बहुत से विद्यार्थी बीमार पड़ गए।

कार्यवाहियाँ

A. : सरकार को स्कूल के प्रधानाचार्य को तुरंत निलंबित करना चाहिए।

B. : स्कूल के प्राधिकारियों को विद्यार्थियों की बीमारी के कारण का पता लगाने के लिए जाँच शुरू करनी चाहिए।

C. : सरकार को सभी स्कूलों को अनुदेश देनी चाहिए कि वे अगले आदेश मिलने तक मध्याह्न भोजन योजना स्थगित कर दें।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[United Commercial Bank PO 2009]*

14. कथन : शहर के पश्चिमी भाग के गंदी बस्ती में रहने वाले बहुत से लोग मलेरिया पीड़ित हैं, ऐसा निदान हुआ है।

कार्यवाहियाँ

A. : नगर निगम को प्रभावित क्षेत्र में तुरंत मच्छर निवारक का छिड़काव करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

B. : नगरपालिका प्राधिकरण को प्रभावित लोगों को तुरंत आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।

C. : नगरपालिका प्राधिकरण को शहर के पश्चिमी भाग में झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोगों को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(4) A, B और C सभी अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[United Commercial Bank PO 2009]*

15. कथन : संशोधित वेतनमान लागू नहीं करने के प्रबंधन के निर्णय का विरोध करने के लिए स्थानीय स्कूल के बहुत से शिक्षकों ने प्रधानाचार्य को अपने त्यागपत्र दे दिए।

कार्यवाहियाँ

A. : स्कूल प्रबन्धन को त्यागपत्रों का स्वीकार कर नए शिक्षकों की नियुक्ति करनी चाहिए।

B. : वेतन वृद्धि पर विचार करने का आश्वासन देते हुए स्कूल प्रबन्धक को शिक्षकों को बने रहने के लिए राजी करना चाहिए।

C. : स्कूल प्रबन्धन को दिशा-निर्देशों के लिए सरकार का सम्पर्क करना चाहिए।

(1) कोई अनुसरण नहीं कर रहा है।
(2) केवल या तो A या B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(5) केवल B अनुसरण कर रहा है।

*[United Commercial Bank PO 2009]*

16. कथन : पिछले पाँच वर्षों की तुलना में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएँ अब ज्यादा होने लगी हैं।

कार्यवाहियाँ

A. : सरकार को संकट प्रबंधन की कार्य-योजना के साथ हमेशा तैयार रहना चाहिए।

B. : सरकार को ऐसी विकासात्मक गतिविधियों की अनुमति नहीं देनी चाहिए जिनसे प्रकृति को कोई नुकसान होने की संभावना हो।

C. : सरकार को विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए योजना बनाने के लिए पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों की एक समिति बनानी चाहिए।

(1) A और B अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(4) A, B और C अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[Dena Bank PO 2006]*

17. कथन : हमारे देश में BPO की नौकरियों के आने के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षित युवा बेरोजगार हैं।

कार्यवाहियाँ

A. : सरकार को सब बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए।

B. : सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएँ आरंभ करनी चाहिए, जो रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

C. : समाज और सरकार को युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करने के प्रयास करने चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[Dena Bank PO 2006]*

18. कथन : दमा पीड़ितों के मामले खासकर बड़े शहरों में बढ़ते रहे हैं।

कार्यवाहियाँ

A. : नगर प्राधिकरणों को नाममात्र दरों पर दवाइयों की पर्याप्त आपूर्त्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

B. : नगर प्राधिकरणों को वाहनों के उत्सर्जन से होने वाले वायु-प्रदूषण को नियंत्रित करने की जरूरत है।

C. : बिना अनुमति के पेड़ काटने के कृत्यों के लिए कठोर सजा देनी चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[Dena Bank PO 2006]*

19. कथन : स्कूल और डिग्री स्तर पर बहुत से छात्रों को विषयों में महारत हासिल नहीं हो पाती है भले ही वे ऊँचे अंकों के साथ पास हुए हों।

कार्यवाहियाँ

A. : शिक्षा बोर्डों को वास्तविक प्रतिभा को पहचानने के लिए शिक्षा व्यवस्था को जाँचना और संशोधित करना चाहिए।

B. : सभी स्तरों पर शिक्षा-व्यवस्था इस तरह डिजाइन की जानी चाहिए कि रटंत-विद्या को हतोत्साहित किया जाए।

C. : परीक्षा-पत्रों के कठिनाई स्तर में काफी ज्यादा वृद्धि की जानी चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) A और B दोनों अनुसरण कर रहा है।
(4) या तो A या B अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[Dena Bank PO 2006]*

20. कथन : सारे देश में प्रबंधन संस्थान बड़ी संख्या में तेजी से बनते जा रहे हैं लेकिन वहाँ से निकल रहे सब MBAs इस लायक नहीं हैं।

कार्यवाहियाँ

A. : सरकार को प्रबंधन संस्थानों को अनुमति देने के लिए कड़े मान दण्डों का पालन करना चाहिए।

B. : छात्र को जो डिग्री मिलेगी, उसमें दाखिला लेने से पहले उसे उसके बाजार मूल्य की जाँच कर लेनी चाहिए।

C. : नियोक्ताओं को MBA को अनिवार्य योग्यता केवल उन्हीं पदों के लिए बनाना चाहिए। जहाँ वह वास्तव में आवश्यक हो।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) A और B दोनों अनुसरण कर रहे हैं।
(4) A, B और C सभी अनुसरण कर रहे हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं *[Dena Bank PO 2006]*

21. कथन : एक सामुदायिक भोज में परोसी गई मिठाइयों का उपभोग करने के बाद इलाके के बहुत-से लोग बीमार पड़ गए हैं और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

कार्यवाहियाँ

A. : पुलिस को मिठाईं बनाने के लिए जिम्मेवार सभी व्यक्तियों को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए।

B. : स्थानीय अस्पतालों में भर्ती किए गए लोगों को तत्काल बड़े अस्पतालों में स्थानान्तरित किया जाना चाहिए।

C. : स्थानीय खाद्य और औषधि प्राधिकरण को बीमारी के कारण की जाँच करनी चाहिए और आवश्यक कार्यवाहियाँ करनी चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(5) सभी अनुसरण कर रहे हैं। *[State Bank of India PO 2005]*

22. कथन : कमजोर मानसून के कारण देश के बहुत से भागों में कम वर्षा होने की विशेषज्ञों को आशंका है।

कार्यवाहियाँ

A. : देश के विभिन्न भागों में वर्षा की मात्रा का अध्ययन करने के लिए सरकार को तत्काल विशेषज्ञों की एक समिति स्थापित करनी चाहिए।

B. : कम वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत आपूर्ति देने के लिए सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए।

C. : प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को खरीफ के मौसम के दौरान कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को उगाने की सलाह दी जानी चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[State Bank of India PO 2005]*

23. कथन : अंग्रेजी भाषा के प्रश्न-पत्र में खराब निष्पादन के कारण हाल ही में आयोजित SSC की अंतिम परीक्षा में बहुत से विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं।

कार्यवाहियाँ

A. : अंग्रेजी भाषा के सक्षम शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए सरकार को सभी स्कूलों को तत्काल एक परिपत्र जारी करना चाहिए।

B. : सरकार द्वारा संचालित होने वाले पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों को भेजने के लिए सरकार को सभी स्कूलों को तत्काल अनुदेश देने चाहिए।

C. : सरकार को परीक्षा निकाय को भावी परीक्षा में अंग्रेजी भाषा के प्रश्न-पत्र का कठिनाई स्तर कम करने के अनुदेश देने चाहिए।

(1) कोई भी अनुसरण नहीं कर रहा है।
(2) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(5) सभी अनुसरण कर रहे हैं। *[State Bank of India PO 2005]*

24. कथन : शहर के विभिन्न समुद्र तटों पर मानसून के दौरान समुद्र में तैरते हुए हर वर्ष बहुत से लोग डूबकर मर जाते हैं।

कार्यवाहियाँ

A. : मानसून के दौरान नगर प्रशासन को प्रत्येक समुद्र तट पर कम-से-कम दो लाइफ गार्ड तैनात करने चाहिए।

B. : मानसून के दौरान समुद्र में तैरते समय सावधान रहने के लिए नगर प्रशासन को लोगों को चेतावनी देने की व्यवस्था करनी चाहिए।

C. : समुद्र तटों के जोखिम भरे भागों में लोगों को उन क्षेत्रों में समुद्र में जोखिम नहीं लेने की सूचना देते हुए साइन पोस्टर नगर प्रशासन को प्रमुखता से लगाने चाहिए।

(1) केवल A और B अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल A और C अनुसरण कर रहा है।
(4) सभी अनुसरण कर रहे हैं।
(5) कोई अनुसरण नहीं कर रहा है।

*[State Bank of India PO 2005]*

25. कथन : स्थानीय विश्वविद्यालय या तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त न हो ऐसे प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए शहर के बहुत से प्रबंधन संस्थानों ने बड़ी संख्या में विद्यार्थी भर्ती किए हैं।

**कार्यवाहियाँ**

A. : विश्वविद्यालय और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल इन प्रबंधन संस्थानों की मान्यता वापस ले ली जानी चाहिए।

B. : इन सभी प्रबंधन संस्थानों को ऐसे सभी विद्यार्थियों को फीस वापस लौटाने और उन्हें केवल मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में भर्ती करने के लिए कहा जाना चाहिए।

C. : ऐसे सभी विद्यार्थियों को अन्य संस्थानों में मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में भर्ती होने की सलाह दी जानी चाहिए।

(1) केवल A अनुसरण कर रहा है।
(2) केवल B अनुसरण कर रहा है।
(3) केवल C अनुसरण कर रहा है।
(4) केवल B और C अनुसरण कर रहा है।
(5) इनमें से कोई नहीं *[State Bank of India PO 2005]*

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (1) | 3. (1) | 4. (4) | 5. (5) | 6. (3) |
| 7. (1) | 8. (2) | 9. (4) | 10. (4) | 11. (2) | 12. (3) |
| 13. (4) | 14. (4) | 15. (3) | 16. (4) | 17. (2) | 18. (1) |
| 19. (3) | 20. (3) | 21. (3) | 22. (2) | 23. (5) | 24. (4) |
| 25. (1) | | | | | |

## व्याख्यात्मक उत्तर

1. (2) केवल कार्यवाही B कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

2. (1) केवल कार्यवाही A कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

3. (1) कोई कार्यवाही कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण नहीं कर रहा है।

4. (4) केवल कार्यवाही B तथा C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

5. (5) सभी A, B, तथा C कार्यवाहियाँ कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

6. (3) सभी कार्यवाहियाँ A, B तथा C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

7. (1) केवल A कार्यवाही कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

8. (2) केवल कार्यवाहियाँ B और C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

9. (4) सभी कार्यवाहियाँ A, B तथा C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

10. (4) केवल कार्यवाहियाँ A और C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

11. (2) केवल कार्यवाहियाँ A और B कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं क्योंकि पिछले दो दिनों में भारी वर्षा के कारण शहर के दो प्रमुख भागों को जोड़ने वाली जो मुख्य सड़क जलमग्न हो गई है उसे जल मुक्त करने के लिए सरकार को तुरंत प्रभावित क्षेत्र में राहत टीम भेजनी चाहिए तथा नगरपालिका प्राधिकरण को सड़क से पानी निकालने के तत्काल प्रयास करने चाहिए।

12. (3) केवल कार्यवाही B कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि पिछले कुछ सप्ताहों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं। अतः इसे रोकने के लिए सरकार को आवश्यक वस्तुओं पर कर तुरंत समाप्त कर देने चाहिए।

13. (4) केवल कार्यवाहियाँ B और C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है।

14. (4) सभी कार्यवाहियाँ A, B तथा C कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। मलेरिया से पीड़ित लोगों को बचाने के लिए नगर निगम को प्रभावित क्षेत्र में तुरंत मच्छर निवारक का छिड़काव करने की व्यवस्था करनी चाहिए तथा तुरंत आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

15. (3) केवल कार्यवाही C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि संशोधित वेतनमान लागू करने के लिए स्कूल प्रबन्धन को दिशा-निर्देशों के लिए सरकार से संपर्क करना चाहिए।

16. (4) सभी कार्यवाहियाँ A, B तथा C कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। यदि सरकार संकट प्रबन्धन का साथ न देगी तो संकट दूर करना संभव नहीं है तथा यदि सरकार ऐसी विकासशील क्रिया को अनुमति देती है जिससे प्रकृति का नुकसान हो, तो प्राकृतिक आपदाएँ स्वयं गतिशील हो जाएँगी। सरकार पर्यावरणविदों एवं वैज्ञानिकों की समिति बनाकर उनकी सलाह से कार्यवाहियाँ करती हैं तो लाभ होगा।

17. (2) केवल कार्यवाहियाँ B तथा C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएँ चालू करने से बेरोजगारी कम हो जाएगी। यदि समाज तथा सरकार शिक्षा संस्थानों में ही व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ कर दें तो भी बेरोजगारी बहुत हद तक कम हो सकती है।

18. (1) केवल कार्यवाहियाँ A और B कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। नगर प्राधिकरणों को नाममात्र दरों पर दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति करनी चाहिए। इससे दमा की बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकेगा तथा नगर में वाहनों से निकलने वाले धुँआ से प्रदूषण होता है इससे साँस लेने में दिक्कत होती है और दमा का रोग फैलता है। अतः प्रदूषण रोकना बहुत ही आवश्यक है।

19. (3) केवल कार्यवाहियाँ A और B कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। शिक्षा-व्यवस्था को जाँचने से शिक्षा की कमियों को दूर किया जा सकता है तथा शिक्षा व्यवस्था में इस प्रकार संशोधित की जानी चाहिए ताकि रटने की आवश्यकता न पड़े।

20. (3) केवल कार्यवाहियाँ A और B कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं। सरकार को प्रबन्धन को अनुमति देने के लिए कड़े मानदण्ड लागू करना जरूरी है। छात्रों के लिए यह जरूरी है कि दाखिला लेने से पहले उनके बाजार मूल्य की जाँच कर ले।

21. (3) केवल कार्यवाही C कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि जाँच के बाद ही आवश्यक कार्यवाहियाँ करनी चाहिए।

22. (2) केवल कार्यवाही B कथन को तर्कसंगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि कम वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत आपूर्ति देने के लिए सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए।

23. (5) सभी कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

24. (4) सभी कार्यवाहियाँ कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहे हैं।

25. (1) केवल कार्यवाही A कथन को तर्क संगत रूप से अनुसरण कर रहा है, क्योंकि विश्वविद्यालय और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल इन प्रबंधन संस्थानों की मान्यता वापस ले लेनी चाहिए।

★★★